सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री जगन्नाथ पुत्र चतरा मीना, पता– ग्राम पोस्ट लाडली का बास, वाया दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान दौसा

अपील संख्या 152/2025

निर्णय

दिनांक 11.12.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/4033 दिनांक 24.12.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान ने पत्र कमांकः आर.टी.आई./2025/536 दिनांक 11.12.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही जा रही सूचना किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त करने हेतु कार्यालय पत्र कमांकः1883 दिनांक 3.11.2025 से सूचित किया गया। आवेदक द्वारा कार्यालय से सूचना प्राप्त करने के बजाय श्रीमान के समक्ष अपील सं0. 152/2025 प्रस्तुत किये जाने पर इस कार्यालय के पत्र कमांकः535 दिनांक 11.12.2025 के द्वारा वांछित सूचना प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:11:49 IST
Reason: SelfAttested